<u>प्रैस विज्ञप्ति</u>

<u>कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा विशेष सेवा पखवाड़े के दौरान लगाया गया जागरूकता एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर</u>

कर्मचारी राज्य बीमा निगम अपनी स्थापना की 73वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में दिनांक 05.02.2024 से 19.02.2024 तक चल रहे विशेष सेवा पखवाड़े के दौरान आज दिनांक 08/02/2024 को उप क्षेत्रीय कार्यालय, लुधियाना और ई.एस.आई आदर्श अस्पताल द्वारा मै॰ वर्धमान स्पिनिंग एंड जनरल मिल्स, लुधियाना में एक जागरूकता एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमती अंकांक्षा रहेजा, सा.सु. अधिकारी द्वारा वहा पर मौजूद प्रतिभागियों को ईएसआईसी के विभिन्न हितलाभों के बारे में अवगत करवाया गया। उनके द्वारा मौजूद बीमित व्यक्तियों को सभी नकद हितलाभ को आईपी पोर्टल के द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने के बारे में भी बताया गया, जिसके द्वारा बीमित व्यक्ति स्वयं बीमारी हितलाभ क्लेम, नियोजन के दौरान चोट लगने पर अस्थाई अपंगता हितलाभ तथा मातृत्व हितलाभ संबंधी आवेदन ऑनलाइन फ़ाइल कर सकता है। इसके अतिरिक्त बीमित व्यक्तियों को आधार लिंक करवाने की महत्वपूर्ण जानकारी देते हुये बताया गया की कैसे बीमित व्यक्ति अपना व अपने परिवार का आधार लिंक करवा कर सुगमता से ईएसआईसी योजनाओ का लाभ पा सकता है।

वहाँ पर मौजूद प्रतिभागियों को ईएसआई की मोबाइल ऐप AAA+ (Ask An Appointment) के बारे में जानकारी देते हुये बताया की अब बीमित व्यक्ति अपने व अपने परिजनो का आधार नंबर मोबाइल ऐप के जरिये आईएसएसी के साथ लिंक कर सकता है, इसके अतिरिक्त

ऑनलाइन डॉक्टर अपॉइंटमेंट बूकिंग सुविधा भी घर बैठे ली जा सकती है जिस से की बीमित व्यक्ति के महत्वपूर्ण समय की बचत होगी। इस जाँच शिविर में ई.एस.आई. आदर्श अस्पताल से डॉ. रकशिता जैन (चिकित्सा अधिकारी), ईएसआई डिस्पेंसरी से डॉ. चन्द्र प्रकाश व उनकी टीम ने मै॰ वर्धमान स्पिननिंग एंड जनरल मिल्स, लुधियाना के लगभग 369 कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जाँच की। कर्मचारियों को जाँच के आधार पर जरूरी दवाइयाँ भी वितरित की गई। इस अवसर पर उप क्षेत्रीय कार्यालय, लुधियाना से श्री अनिल अनिल कुमार कथुरिया, सा.सु. अधिकारी, श्री वरिंदर कुमार, शाखा प्रबंधक शाखा कार्यालय राहों रोड और मै॰ वर्धमान स्पिननिंग एंड जनरल मिल्स की तरफ से श्री विकास मित्तल (GM), श्रीमती दीपिका सुखिजा (मैनेजर), और डॉ बछित्तर सिंह (चिकित्सा अधिकारी) भी मौजूद थे। श्री विकास मित्तल (GM, वर्धमान स्पिननिंग एंड जनरल मिल्स, लुधियाना) द्वारा निगम से आए सभी अधिकारियों व चिकित्सा अधिकारियों का धन्यवाद किया और इस कैंप की प्रशंसा करते हुये कहा की इस प्रकार के आयोजन कर्मचारी राज्य बीमा निगम की एक अच्छी पहल है जिससे नियोजक तथा बीमित व्यक्ति सेहत जाँच के साथ साथ निगम की विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक होंगे।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन कर्मचारी राज्य बीमा निगम दुनिया के सबसे बड़े बहु आयामी सामाजिक सुरक्षा सेवा प्रदाता संगठनों में से एक है, जो देश के कामगारों को बीमारी, प्रसव, निशक्तता तथा रोज़गार चोट से मृत्यु जैसी आकस्मिकताओं से बचाने तथा बीमाकृत व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करता है। लुधियाना नगर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम अपने 01 उप क्षेत्रीय कार्यालय, 05 शाखा कार्यालय, 01 मॉडल अस्पताल तथा 13 ई एस आई औषधालयों के द्वारा लगभग 21449 कारखानों/संस्थानों में कार्यरत लगभग 5 लाख कामगारों व उनके परिवारों को अपनी सेवाएं प्रदान करता है।